UP Board Class 7 Science Notes Chapter 6 पौधों में पोषण

★ सूर्य सभी सजीव प्राणियों के लिए ऊर्जा का चरम स्रोत है |

★ हरे पौधों में भोजन संश्लेषण की प्रक्रिया सूर्य के प्रकाश की उपस्थिति में होता है जिसे प्रकाश संशलेषण कहते है |

★ पत्तियों में एक हरा वर्णक होता है जिसे क्लोरोफिल कहते है |
★ क्लोरोफिल सूर्य के प्रकाश की ऊर्जा को ग्रहण करने में सहायता करते है |
★ कार्बन-डाइऑक्साइड एवं जल प्रकाश संश्लेषण के लिए कच्चे माल का कार्य करते है |
★ ऑक्सीजन जो सभी सजीव प्राणियों के जीवन की उत्तरजीविता के लिए आवश्यक है प्रकाश संश्लेषण की क्रिया के दौरान बनता है |
★ पौधें प्रकाश संश्लेषण के दौरान भोजन के रूप में कार्बोहाइड्रेट्स बनाते है |
★ पत्तियों में स्टार्च (मंड) की उपस्थिति प्रकाश संश्लेषण का होना दर्शाता है|
★ कार्बोहाइड्रेट्स कार्बन, हाइड्रोजन एवं ऑक्सीजन से बना होता है |
★ मृदा में कुछ जीवाणु होते है जो गैसीय नाइट्रोजन को उपयोगी रूप में परिवर्तित कर देते है और इसे मृदा में छोड़ देते है |
★ कीटों के भक्षण करने वाले पौधों को कीट-भक्षी पादप कहते है |
★ कुछ जीव एक-दुसरे के साथ रहते है तथा आवास एवं पोषक तत्व एक-दुसरे से बाँटते है इसे सहजीवी सम्बन्ध कहते है|
★ लाइकेन सहजीवी सम्बन्ध का एक उदहारण है |
★ कार्बोहाइड्रेट्स, प्रोटीन, वसा, विटामिन एवं खनिज हमारे भोजन के संघटक होते है |
★ हमारे शरीर के लिए भोजन के संघटक आवश्यक होते है जिन्हें पोषक कहा जाता है |

https://www.evidyarthi.in